सीबीएसई/सीई/परीक्षा–2021 06/11/2021

## अधिसूचना

परिपत्र सं. सीबीएसई/निदे(शैक्षणिक)/51/2021 दिनांक 05 जुलाई, 2021 के द्वारा, बोर्ड ने सूचित किया है कि 2021-2022 सत्र में, कक्षा X और XII के लिए दो परीक्षाएं निम्नलिखित विवरण के अनुसार आयोजित की जाएंगी:-

1. टर्म- I परीक्षा जो नवंबर - दिसंबर, 2021 के महीने में आयोजित की जाएगी। यह एक वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा होगी और इस परीक्षा की अवधि 90 मिनट होगी।
2. टर्म- II परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2022 के महीने में आयोजित की जाएगी। यह देश में COVID-19 की स्थिति के अनुसार एक व्यक्तिनिष्ठ / वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा होगी।

तदनुसार, दसवीं कक्षा की टर्म 1 परीक्षा 17.11.2021 से और कक्षा- बारहवीं की परीक्षा 16.11.2021 से शुरू होगी।

टर्म- I परीक्षाओं का आयोजन

सीबीएसई बारहवीं कक्षा में 114 विषयों और दसवीं कक्षा में 75 विषयों की पेशकश कर रहा है। इसका मतलब है कि सीबीएसई को कुल 189 विषयों की परीक्षा आयोजित करनी है। यदि सभी विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है, तो परीक्षा की पूरी अवधि लगभग 45-50 दिनों की होगी। इसलिए, छात्रों के अधिगम नुकसान से बचाव के लिए, सीबीएसई तिथि पत्रक तय करके भारत और विदेशों में सभी संबद्ध स्कूलों में निम्नलिखित विषयों की परीक्षा आयोजित करेगा: -

कक्षा X
(सभी स्कूलों द्वारा दिए गए विषय)

| विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
|---|---|---|---|
| 002 | हिंदी कोर्स ए | 087 | सामाजिक विज्ञान |
| 041 | गणित स्टैन्डर्ड | 165 | कंप्यूटर अनुप्रयोग |
| 064 | होम साइंस | 184 | अंग्रेजी भाषा और साहित्य |
| 085 | हिंदी कोर्स बी | 241 | गणित बेसिक |
| 086 | विज्ञान | | |

कक्षा XII
(सभी स्कूलों द्वारा दिए गए विषय)

| विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
|---|---|---|---|
| 002 | हिंदी इलेक्टिव | 044 | जीव विज्ञान |
| 027 | इतिहास | 048 | शारीरिक शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 028 | राजनीति विज्ञान | 054 | बिजनेस स्टडीज |
| 029 | भूगोल | 055 | एकाउंटेन्सी |
| 030 | अर्थशास्त्र | 064 | होम साइंस |
| 037 | मनोविज्ञान | 065 | इंफोरमटिक्स प्रक. (नया) |
| 039 | समाजशास्त्र | 083 | कंप्यूटर साइंस (नया) |
| 041 | गणित | 301 | अंग्रेजी कोर |
| 042 | भौतिकी | 302 | हिंदी कोर |
| 043 | रसायन विज्ञान | | |

सीबीएसई द्वारा निम्नलिखित विषयों की परीक्षा इस प्रकार से समूह बनाकर आयोजित की जाएगी कि परीक्षाएं न्यूनतम समय में आयोजित की जा सकें:-

कक्षा 10
(कम स्कूलों द्वारा दिए गए विषय)

| विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
|---|---|---|---|
| 003 | उर्दू कोर्स ए | 094 | जापानी |
| 004 | पंजाबी | 095 | भूटिया |
| 005 | बंगाली | 096 | स्पेनिश |
| 006 | तमिल | 097 | कश्मीरी |
| 007 | तेलुगु | 098 | मिज़ो |
| 008 | सिंधी | 099 | बहासा मेलायु |
| 009 | मराठी | 122 | संस्कृत |
| 010 | गुजराती | 131 | राय |
| 011 | मणिपुरी | 132 | गुरांग |
| 012 | मलयालम | 133 | तमांग |
| 013 | ओडिया | 134 | शेरपा |
| 014 | असमिया | 136 | थाई |
| 015 | कन्नड़ | 154 | एलिमे. ऑफ बिजनेस |
| 016 | अरबी | 254 | एलीमेंट्स ऑफ बुक कीपिंग एंड एकाउंटेन्सी |
| 017 | तिब्बती | 303 | उर्दू कोर्स बी |
| 018 | फ्रेंच | 401 | रिटेल |
| 020 | जर्मन | 402 | सूचना प्रौद्योगिकी |
| 021 | रूसी | 403 | सिक्युरिटी |
| 023 | पर्सियन | 404 | ऑटोमोटिव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 024 | नेपाली | 405 | इन्ट्रोडक्शन टू<br>फाइनैन्शल मार्केट |
| 025 | लिंबु | 406 | इन्ट्रोडक्शन टू<br>टूरिसम |
| 026 | लेपचा | 407 | ब्यूटी एंड वेलनेस |
| 031 | कर. संगीत (वॉकल) | 408 | एग्रीकल्चर |
| 032 | कर. संगीत मेल. इन्स. | 409 | खाद्य उत्पादन |
| 033 | कर. संगीत पर. | 410 | फ्रंट ऑफिस ऑपरेसन्स |
| 034 | हिंदी संगीत (वॉकल) | 411 | बैंकिंग एवं बीमा |
| 035 | हिंदी संगीत मेल. इन्स. | 412 | मार्केटिंग एंड सेल्ज़ |
| 036 | हिंदी संगीत पर. इन्स. | 413 | हेल्थ केयर |
| 049 | पेंटिंग | 414 | अपैरल |
| 076 | नेशनल कडेट कॉर्पस (एनसीसी) | 415 | मल्टीमीडिया |
| 089 | तेलुगु-तेलंगाना | 416 | मल्टी स्किल फाउंडेशन कोर्स |
| 092 | बोडो | 417 | आर्टिफिसिअल इंटेलीजेंस |
| 093 | तांगखुल | 418 | फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर |

कक्षा XII
(कम स्कूलों द्वारा प्रस्तुत विषय)

| विषय कोड | विषय का नाम | विषय कोड | विषय का नाम |
|---|---|---|---|
| 001 | अंग्रेजी इलेक्टिव | 193 | तांगखुल |
| 003 | उर्दू इलेक्टिव | 194 | जापानी |
| 022 | संस्कृत इलेक्टिव | 195 | भूटिया |
| 031 | कर. संगीत वॉकल | 196 | स्पेनिश |
| 032 | कर. संगीत मेल. इन्स. | 197 | कश्मीरी |
| 033 | कर. पर्क. इन्स. मृदंगम | 198 | मिज़ो |
| 034 | हिंदी संगीत वॉकल | 241 | अनुप्रयुक्त गणित |
| 035 | हिंदी संगीत मेल. इन्स. | 303 | उर्दू कोर |
| 036 | हिंदी पर. इन्स. | 322 | संस्कृत कोर |
| 045 | जैव प्रौद्योगिकी | 801 | रिटेल |
| 046 | ईंजी. ग्राफिक्स | 802 | सूचना प्रौद्योगिकी |
| 049 | पेंटिंग | 803 | वेब एप्पलीकेशन |
| 050 | ग्राफिक्स | 804 | ऑटोमोटिव |
| 051 | स्कल्प्चर | 805 | फाइनैन्शल मार्केट मैनेजमेंट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 052 | एप्प/कॉमर्शियल आर्ट | 806 | टूरिज़्म |
| 056 | कथक- नृत्य | 807 | ब्यूटी एंड वेलनेस |
| 057 | भरतनाट्यम - नृत्य | 808 | एग्रीकल्चर |
| 058 | कुचिपुड़ी - नृत्य | 809 | फ़ूड प्रोडक्शन |
| 059 | ओडिसी - नृत्य | 810 | फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन्स |
| 060 | मणिपुरी - नृत्य | 811 | बैंकिंग |
| 061 | कथकली - नृत्य | 812 | मार्केटिंग |
| 066 | उद्यमिता | 813 | हेल्थ केयर |
| 073 | नॉलेज ट्रेडिशन एंड प्रक्टेसेज ऑफ इंडिया | 814 | इन्शुरन्स |
| 074 | लीगल स्टडीज | 816 | होर्टिकल्चर |
| 076 | नेशनल कडेट कॉर्पस (एनसीसी) | 817 | टाइपाग्रफी एंड कंप्यूटर अनुप्रयोग |
| 104 | पंजाबी | 818 | जिओसपेशियअल प्रौद्योगिकी |
| 105 | बंगाली | 819 | इलेक्ट्रिकल प्रौद्योगिकी |
| 106 | तमिल | 820 | इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी |
| 107 | तेलुगु | 821 | मल्टीमीडिया |
| 108 | सिंधी | 822 | टैक्सेशन |
| 109 | मराठी | 823 | कोस्ट एकाउंटिंग |
| 110 | गुजराती | 824 | ऑफिस प्रोसेजर एंड प्रेक्टीसेज |
| 111 | मणिपुरी | 825 | शॉर्टहैंड (अंग्रेजी) |
| 112 | मलयालम | 826 | शॉर्टहैंड (हिंदी) |
| 113 | ओडिया | 827 | एयर-कंडीशन एंड रेफ्रीजरेशन |
| 114 | असमिया | 828 | मेडिकल डायगनोस्टिक्स |
| 115 | कन्नड़ | 829 | टेक्सटाइल डिजाइन |
| 116 | अरबी | 830 | डिजाइन |
| 117 | तिब्बती | 831 | सेल्ज़मैनशिप |
| 118 | फ्रेंच | 833 | बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन |
| 120 | जर्मन | 834 | फ़ूड न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स |
| 121 | रूसी | 835 | मास मीडिया स्टडीज |
| 123 | पर्शियन | 836 | लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस |
| 124 | नेपाली | 837 | फैशन स्टडीज |
| 125 | लिंबु | 841 | योग |
| 126 | लेपचा | 842 | अर्ली चाइल्डहूड केयर एंड एडयूकेशन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 189 | तेलुगु तेलंगाना | 843 | आर्टिफिसिअल इंटेलीजेंस |
| 192 | बोडो | | |

परीक्षाओं की अवधि

ए. परीक्षा 90 मिनट की अवधि की होगी। जहां कहीं भी कुछ परिवर्तन होते हैं, वह पाठ्यचर्या के अनुसार है और जैसा कि प्रवेश पत्र में उल्लेख किया गया है।
बी. शीतकालीन सत्र को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सुबह 10.30 बजे के बजाय 11.30 बजे से शुरू होगी।
सी. सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुरू होने से पहले पढ़ने का समय 15 मिनट के बजाय 20 मिनट होगा।

पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों के लिए नीति

ए. इस परीक्षा में भी पूर्व में दी गई सभी सुविधाएं एवं छूट यथावत जारी रहेंगी।
बी. जहां तक अतिरिक्त समय का संबंध है, प्रत्येक 1 घंटे के पेपर पर 20 मिनट अतिरिक्त समय की आवश्यकता होती है, इसलिए 90 मिनट के पेपर के लिए 30 मिनट अतिरिक्त समय की अनुमति होगी।
सी. यदि स्क्राइब के लिए अनुरोध किया जाता है तो अभ्यर्थी को वह उपलब्ध कराने के लिए सभी स्कूल स्कूलों के छात्रों में से स्क्राइब का एक समूह तैयार रखेंगे।
डी. स्क्राइब के रूप में कार्य करने वाले छात्रों को सीबीएसई द्वारा उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

प्रैक्टिकल/आंतरिक मूल्यांकन/परियोजना

• प्रैक्टिकल/आंतरिक आकलन/परियोजना कार्य सीबीएसई द्वारा जारी परिपत्र संख्या सीबीएसई/निदे (शैक्षणिक)/51/2021 दिनांक 05 जुलाई, 2021 के अनुसार इस प्रकार पूरा किया जाएगा कि सभी अंक सीबीएसई द्वारा उपलब्ध कराए गए लिंक पर 23.12.2021 तक अपलोड कर दिए जाएं।

• स्कूल अद्यतन रूप से 23.12.2021 तक प्रैक्टिकल/आंतरिक आकलन/परियोजना कार्य आयोजित कर सकते हैं और अंक केवल उसी दिन अपलोड किए जा सकते हैं जिस दिन प्रायोगिक/आंतरिक आकलन / परियोजना कार्य आयोजित किया जाता है।

• यदि स्कूलों द्वारा 23.12.2021 तक अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो सीबीएसई आगे की कार्रवाई करेगा जैसा कि नीचे दिया गया है:-

(i) टर्म- I प्रैक्टिकल / IA / परियोजना अंकों को ध्यान में रखे बिना परिणाम घोषित किया जा सकता है।
(ii) परिणाम केवल टर्म- II के प्रदर्शन के आधार पर घोषित किया जा सकता है।
(iii) अंतिम तिथि के बाद स्कूलों द्वारा जमा किए गए अंकों पर विचार करने के लिए सीबीएसई के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा जुर्माना उचित समझा जाए और जो 50,000 / –रुपये तक लगाया जा सकता है।
(iv) संबद्धता वापस लेने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।
(v) सीबीएसई द्वारा टर्म-1 परीक्षा में किसी बाहरी परीक्षक की नियुक्ति नहीं की जाएगी। स्कूलों को संबंधित स्कूल शिक्षक (शिक्षकों) के साथ प्रैक्टिकल आकलन पूरा करना होगा।
(vi) स्कूल अपनी स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का उपयोग करेंगे और उन्हें सुरक्षित रूप से संरक्षित करेंगे।

परीक्षा केंद्र का निर्धारण

आज की तारीख में, विदेश में 26 देशो में और भारत में बोर्ड से संबद्ध स्कूल लगभग 26000 हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सीबीएसई परीक्षा केंद्रों को इस तरह से निर्धारित करने का प्रयास करेगा कि न तो छात्रों को और न ही स्कूलों को कोई समस्या हो। हालांकि, ऐसा करते समय परीक्षाओं की संरक्षा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

ए) परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी के लिए वेबिनार
बी) मूल्यांकन पर वेबिनार
सी) प्रशिक्षण कार्यक्रमों की अनुसूची बाद में सूचित की जाएगी।
डी) सीबीएसई क्षमता निर्माण के लिए वीडियो भी जारी करेगा।

प्रेक्षकों की नियुक्ति

1. चूंकि परीक्षा लगभग सभी स्कूलों में आयोजित की जाएगी, इसलिए परीक्षाओं की निष्पक्षता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक प्रेक्षक नियुक्त करने की आवश्यकता है। प्रेक्षक की नियुक्ति के लिए संख्या इस प्रकार होगी:

| विद्यार्थियों की संख्या | प्रेक्षकों की संख्या |
|---|---|
| 500 तक | 01 |
| 500 से अधिक | 02 |

2. सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त करने की जिम्मेदारी नगर समन्वयक (सीसी) की होगी। नगर समन्वयक निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षा के प्रत्येक दिन प्रेक्षक की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

3. केंद्र अधीक्षक और नगर समन्वयक की यह जिम्मेदारी होगी कि वे परीक्षा के सभी दिनों में प्रेक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

ओएमआर की आवश्यकता और आपूर्ति

1. सीबीएसई उन परीक्षा केंद्रों को ऑनलाइन अनुकूलित (customized) ओएमआर की आपूर्ति करेगा जिनमें परीक्षा में शामिल होने के लिए अनुमत छात्रों का विवरण होगा।
2. ओएमआर के मुद्रण के लिए, अच्छी गुणवत्ता के ए-4 आकार के फोटोकॉपी पेपर की आवश्यकता होगी।
3. सभी विषयों के लिए सीबीएसई द्वारा ओएमआर की आपूर्ति की जाएगी।
4. स्कूलों को जल्द ही उन्हें प्रदान की गई अनुसूची के अनुसार दसवीं/बारहवीं दोनों कक्षाओं के लिए ओएमआर डाउनलोड करने की अनुमति दी जाएगी।
5. अभ्यास के उद्देश्य से स्कूलों को शीघ्र ही ओएमआर की एक प्रति प्रदान की जाएगी।

ओएमआर का मूल्यांकन
मूल्यांकन सीबीएसई द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित को अलग से सूचना दी जाएगी।

रफ कार्य

छात्रों को रफ वर्क के लिए परीक्षा केंद्र पर अलग से शीट उपलब्ध कराई जाएगी।

कोविड से बचाव के लिए दिशानिर्देश
सीबीएसई द्वारा सीएस को प्रदान किए जाने वाले दिशानिर्देशों में उल्लेख के अनुसार स्कूल, माता-पिता और छात्र कोविड दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करेंगे।

अनुमत आइटम

छात्रों को परीक्षा केंद्र में केवल अनुमत वस्तुओं को ले जाने की अनुमति होगी। सभी छात्र परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने से पहले स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उनके पास कोई भी ऐसा लेख/कागज नहीं है जो परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सहायक हो या परीक्षा की संरक्षा और सुरक्षा के लिए खतरा हो।

यदि यह पाया जाता है कि छात्रों द्वारा उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है और वे पकड़े जाते हैं, तो सीबीएसई परीक्षा रद्द करने सहित छात्र के विरुद्ध गंभीर कार्रवाई करने से नहीं हिचकिचाएगा।

परिणाम की घोषणा

परिणाम सीबीएसई द्वारा जारी परिपत्र संख्या सीबीएसई/निदे (शैक्षणिक)/51/2021 दिनांक 05 जुलाई, 2021 में दी गई जानकारी के अनुसार घोषित किया जाएगा।

दिशानिर्देश उपलब्ध कराना

रोल नंबर 09.11.2021 को अपलोड किए जाएंगे। सीबीएसई 09.11.2021 तक सभी पदधारियों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी उपलब्ध कराएगा।

सीबीएसई की वेबसाइट पर इस परिपत्र की प्रामाणिकता की जांच कर लें।

हस्ताक्षरित

**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

प्रति वेब एडमिन को- सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए ।